# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025



Hero

VIDA




मना रहे हैं 125 मिलियन* ग्राहकों का जश्न

## आपका भरोसा.
## हमारे गौरव की पहचान.

हमारे लिए, 125 मिलियन कोई एक संख्या नहीं है.
यह हमारे भरोसे, गौरव और प्रगति का प्रतीक है
जिसे हम आपके साथ साझा करते हैं.
एक ऐसा मील का पत्थर जो जितना हमारा है,
उतना ही आपका भी है.
तो, हमारे हर ग्राहक, पार्टनर, हम पर भरोसा
करनेवालों और सहयोगियों को -
धन्यवाद, 125 मिलियन बार.







पेश हैं
**हीरो पैशन+, विडा ईवूटर VX2 और**
**हीरो स्प्लेंडर+ स्पेशल एडिशन्स.**

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per cumulative dispatch numbers till August 2025. T&C Apply.

CALL TOLL-FREE
**1800 266 0018**

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुंगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापाली: साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

SAATCHI & SAATCHI


CLASSIC
GROUP
LIFESTYLE MATTERS
हर त्योहार की असली खुशी
अपने परिवार के साथ
अपने घर में
SURPRIZE GIFT
ON SPOT BOOKING
Your Classic Way To Celebrations Everyday!
*T&C APPLY
SCAN TO KNOW MORE
CLASSIC CASTLE
CLASSIC TOWERS
SUMEET LANDSCAPE
CLASSIC VENTURES
GRAND ENTRANCE
CLUB HOUSE
ELEVATION
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000 AMLIDIH, RAIPUR
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000 KACHNA, RAIPUR
Fully Developed Plots Available
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000 VIDHAN SABHA ROAD
For more details visit www.rera.cgstate.com with RERA Numbers given below
Classic Towers
PCGRERA270223001615
Classic Castle
PCGRERA220620001124, P3CGRERA031120000020
Classic Ventures
CGRERA060320A000465

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025










# शराब घोटाले में पूर्व आबकारी आयुक्त गिरफ्तार, इधर आंध्र में ईडी का एक्शन

करोड़ों रुपए के शराब घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास पर सिंडीकेट को मदद कर करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप है। इधर, ईडी ने आंध्र प्रदेश के 3500 करोड़ रुपए के शराब घोटाले पर छापेमारी की।

### ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

## पूर्व आयुक्त पर सिंडीकेट को मदद कर करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



करोड़ों रुपए के शराब घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास पर सिंडीकेट को मदद कर करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप है। यहां यह बताना लाजिमी है कि निरंजन दास सहित अन्य छह की गिरफ्तार पर सुप्रीम कोर्ट से रोक हटाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शराब घोटाले में पूर्व आयुक्त के खिलाफ ईओडब्ल्यू, एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,12 के अलावा आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है। एसीबी, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह है

*सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाले के 6 अफसरों पर किसी भी तरह का एक्शन नहीं लेने पूर्व में आदेश दिए थे। कोर्ट ने अब उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसके तहत गिरफ्तारी जैसे कदम उठाने पर रोक थी। कोर्ट ने शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश में दर्ज दो मामलों को एक ही प्रकृति का मानते हुए अगली सुनवाई तक एक्शन नहीं लेने का पूर्व में आदेश दिया था, लेकिन सुनवाई के बाद दोनों ही केस की प्रकृति अलग-अलग मानते हुए कोर्ट* ▶▶| शेष पेज 6पर

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

## 3500 करोड़ का शराब घोटाला, पांच राज्यों के 20 ठिकानों पर छापे




एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

प्रवर्तन निदेशालय ने आंध्र प्रदेश के कथित 3,500 करोड़ रुपए के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में करीब 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापे हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली-एनसीआर में की गई है। ईडी का कहना है कि ये जांच उन कंपनियों और व्यक्तियों पर केंद्रित है, जिन पर फर्जी और बढ़े हुए बिलों के जरिये रिश्वत देने और अवैध भुगतान कराने का आरोप है। सीआईडी का आरोप है कि रिश्वत के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ऐसा है आंध्र प्रदेश का शराब घोटाला...

एसआईटी के अनुसार, आंध्र प्रदेश में वायएसआर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कथित तौर पर 3,500 करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ था। आरोप है कि तत्कालीन सरकार ने शराब नीति का दुरुपयोग कर लोकप्रिय शराब ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पूर्व सीएम जगन मोहन पर भी रिश्वत लेने के आरोप

इसी साल जुलाई में आंध्र प्रदेश पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था। इसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी का नाम भी शामिल था। आरोप पत्र में कहा गया था कि रिश्वत की रकम केसी राजशेखर रेड्डी को सौंपी गई थी।

### सीएम ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी

## रेल नेटवर्क से जुड़ा छग का प्रयागराज राजिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को राजिम में नई रेल सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवागमन सुविधा में वृद्धि करते हुए राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा तथा रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार भी प्रारंभ किया। भारी संख्या में यात्री इस अवसर पर ट्रेन में सवार हुए और उत्साहपूर्वक रायपुर की ओर रवाना हुए। सस्ती एवं सुलभ नई ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी का आभार

*मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व धमतरी से रायपुर तक नैरोगेज ट्रेन चलती थी और* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### टैरिफ के बाद ड्रग्स की तस्करी पर ट्रंप का एक्शन


## भारत के कई अफसरों का वीजा रद्द नशीले पदार्थ की तस्करी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टैरिफ और रूस से तेल आयात को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने भारत पर एक और एक्शन लिया है। अमेरिका ने भारत के कुछ टॉप अधिकारियों के वीजा को रद्द कर दिया है। अधिकारियों पर अमेरिका में प्रतिबंधित ड्रग्स फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ड्रग तस्करी को लेकर कई देशों को दी गई चेतावनी के बाद अब यह एक्शन लिया गया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार 18 सितंबर को घोषणा की है कि ट्रंप प्रशासन ने कुछ भारतीय अधिकारियों और कॉर्पोरेट नेतृत्व का वीजा रद्द कर दिया है। यूएस दूतावास की ओर से बताया गया कि उन पर फेंटेनाइल ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ एक दिन पहले भारत समेत 23 देशों पर लगाया था आरोप

### तस्करी से निपटने सहयोग के लिए भारत को दिया धन्यवाद



### हेरोइन से 50 गुना घातक फेंटेनाइल ड्रग्स

चीन ने ड्रग्स का नेटवर्क पूरी धरती पर फैलाना शुरू कर दिया है। इसके लिए चीन ने हेरोइन से 50 गुना ज्यादा घातक ड्रग्स तैयार की है, जिसे फेंटेनाइल या फिर 'चायना-व्हाइट' के नाम से जाना जाता है।

### चीन सीक्रेट तरीके से अमेरिका में कर रहा स्मगलिंग

एफबीआई ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि चीन सीक्रेट तरीके से तीसरे देशों के माध्यम से केमिकल की स्मगलिंग अमेरिका में कर रहा है. एफबीआई ने चीन पर आरोप लगाया कि चीन की ड्रग्स ▶▶| शेष पेज 6 पर

### गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

*फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी करने वाली कंपनियों के अधिकारियों को भी दूतावास की ओर से अमेरिका के लिए वीजा आवेदन करते समय चिन्हित किया जाएगा। अमेरिकी दूतावास ने इस नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने में सहयोग के लिए भारत सरकार को धन्यवाद भी दिया। अमेरिकी दूतावास की ओर से कहा गया, संयुक्त राज्य अमेरिका में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों, संगठनों और उनके परिजनों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, जिन देशों से ये दवाएं निकलती हैं और जिन तक ये पहुंचती हैं, उन्हें अपने दायित्वों को पूरा करना होगा।*

## हिंडनबर्ग केस में अदाणी ग्रुप को सेबी ने दी क्लीन चिट

**मुंबई।** अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग द्वारा अदाणी ग्रुप पर लगाए गए आरोप सही साबित नहीं हुए। गुरुवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह को क्लीन चिट दे दी। सेबी ने अपने अंतिम आदेश में कहा कि हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह पर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो सके। ऐसे में नियामक ने कोई जुर्माना नहीं लगाया है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को किसी भी देनदारी से मुक्त कर दिया।






### भारी मात्रा में हथियार, बारूद बरामद

## एनकाउंटर में मारी गई पांच लाख की ईनामी महिला नक्सली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में गुरूवार को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में मलांगीर एरिया कमेटी की महिला माओवादी बूस्की नुप्पों मारी गई। उस पर छत्तीसगढ़ शासन ने 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था। वह लंबे समय से सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में सक्रिय थी और 9 गंभीर मामलों में वांटेड थी। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह सुरक्षाबलों को थाना गादीरास क्षेत्र के गुफड़ी और पेरमापारा के बीच के जंगल पहाड़ी इलाके में माओवादियों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 9 मामलों में थी वांटेड

*पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक बूस्की नुप्पों कई बड़े हमलों और साजिशों में शामिल थी। जिसमें थाना अरनपुर के 7 मामले, थाना कुआंकोंडा का 1 मामला और थाना गादीरास का 1 मामला शामिल है। इन मामलों में वह लंबे समय से फरार चल रही थी। बूस्की नुप्पों के मारे जाने को सुरक्षा बल बड़ी सफलता मान रहे हैं। यह मलांगीर एरिया कमेटी के लिए एक करारा झटका है, जो लंबे समय से सुरक्षा बलों और विकास कार्यों में बाधा डाल रही थी।*

## चेक बाउंस मामले में शिकायतकर्ता माना जाएगा पीड़ितः हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि धारा 138 के तहत चेक बाउंस मामले में शिकायतकर्ता दंड प्रक्रिया संहिता के तहत एक 'पीड़ित' की परिभाषा में आता है। कोर्ट ने इसी आधार पर अपीलकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने और नई अपील दायर करने की अनुमति दी। कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि 60 दिनों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मैरिट आधार पर होगी सुनवाई

सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने अंतिम आदेश में स्पष्ट किया कि परिसीमा का मुद्दा अपील को मैरिट के आधार पर सुनने से नहीं रोकेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि तय समय के भीतर संबंधित सत्र न्यायाधीश के समक्ष ऐसी अपील दायर की जाती है, तो वह उस पर निर्णय लेने के दौरान समयसीमा पर जोर नहीं देगा।


Godrej | PROPERTIES

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय गोदरेज वाटरसाइड, टॉवर-II, यूनिट 109, DP-5, सेक्टर-V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता – 700091 पर स्थित है तथा पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, 5वीं मंज़िल, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई – 400079 पर स्थित है, ग्राम डोमा, पी.एच. नं. 84, आर.आई. सर्किल रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित लगभग 50.03 एकड़ (20.249 हेक्टेयर) भूमि का पूर्ण एवं वैध स्वामी है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड द्वारा उक्त भूमि पर प्रस्तावित परियोजना के संबंध में सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त करने की प्रक्रिया में है तथा वांछित समस्त अनुमतियाँ प्राप्त होने पर उक्त भूमि पर प्रस्तावित परियोजना का पंजीकरण भू-संपदा विनियमन और विकास अधिनियम, 2016 के अंतर्गत कराएगा। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियमन और विकास नियम, 2017 की धारा 3 के अनुसार, परियोजना के पंजीकरण से पूर्व कोई भी विज्ञापन, विपणन, बुकिंग, विक्रय अथवा विक्रय का प्रस्ताव वैध नहीं है। गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड यह स्पष्टीकरण एवं उद्घोषणा करता है की गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड द्वारा उक्त भूमि पर प्रस्तावित परियोजना के संबंध मे किसी भी प्रकार का विज्ञापन, विपणन, बुकिंग, विक्रय अथवा विक्रय का प्रस्ताव, प्रचार-प्रसार आदि नहीं किया गया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड माननीय छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट नियमावली के अनुरूप कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ अप्रमाणित वेबसाइट्स, सोशल मीडिया अकाउंट्स एवं व्यक्ति स्वयं को गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि, चैनल पार्टनर अथवा कर्मचारी बताकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। इन अज्ञात व्यक्तियों/संस्थाओं ने "गोदरेज" नाम का अवैध उपयोग कर डोमेन नाम एवं सोशल मीडिया अकाउंट पंजीकृत किए हैं तथा आम जनता को गुमराह कर ठगी करने एवं गलत लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया है। उन्होंने हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.-godrejproperties.com से कॉपीराइट सामग्री का भी अवैध उपयोग कर उसे अपनी नकली एवं अप्रमाणित साइट्स पर डाला है जिनका विवरण निम्नानुसार है ।

1) www.godrejraipur.com
2) www.godrejplotsraipur.com
3) www. godrejnewlaunching.com
4) www.godrejgroupsindia.com
5) residentialplots.in/reputed-developers-plots-raipur.html
6) www.youtube.com/watch?v=lmaBolvKMxU
7) www.godrejplotraipur.com
8) www.instagram.com/reel/DNDsGK8I0aj

ऐसे कृत्य पूर्णतः अवैध, अनधिकृत एवं धोखाधड़ीपूर्ण हैं, जो रेरा प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए आम जनता को भ्रमित करने हेतु किए गए हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी भी रूप में इन गतिविधियों से सम्बद्ध नहीं है तथा इन पूर्णतः अवैध, अनधिकृत एवं धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों का कड़ा विरोध तथा खंडन करता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:

किसी भी प्रचार, वेबसाइट, सोशल मीडिया अकाउंट या व्यक्ति से, जो गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड से जुड़े होने का दावा करते हैं, तब तक व्यवहार न करें जब तक उनकी सत्यता हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.godrejproperties.com से प्रमाणित न हो। हमारी लिखित स्वीकृति के बिना कोई भी प्रचार गतिविधि, चाहे वह किसी भी माध्यम से हो, अवैध है तथा कंपनी द्वारा न तो अनुमोदित है और न ही समर्थित।

जो भी व्यक्ति/संस्था ऐसे अप्रमाणित माध्यमों से व्यवहार करेगी, वह स्वयं अपने जोखिम पर करेगी। ऐसे मामलों में हुए किसी भी प्रकार के नुकसान/क्षति के लिए गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड उत्तरदायी नहीं होगा।

गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड द्वारा
पंजीकृत कार्यालय: गोदरेज वन, 5वीं मंज़िल, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई – 400079
क्षेत्रीय कार्यालय: गोदरेज वाटरसाइड, टॉवर-II, यूनिट 109, DP-5, सेक्टर-V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता – 700091

## चिंतन

# पाकिस्तान को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

पाकिस्तान हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी ढंग से भारत को घेरा जा सके। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी गत बनने के बाद उसकी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है। वो कभी अमेरिका की जी हुजूरी करता है तो कभी बांग्लादेश को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ाता है। महज कुछ ही दिन पहले मुस्लिम देशों को नाटो जैसा संगठन बनाने की वकालत करने वाले पाकिस्तान ने अब सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। वैसे तो सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। पाक जब भी कंगाली की हालत में होता है, सबसे पहले सऊदी अरब के सामने ही हाथ फैलाता है। यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। आपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर को पाकिस्तान का सबसे शक्तिशाली इंसान माना जा रहा है और वो लगातार इस समझौते को करवाने की कोशिशों में जुटे थे। क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हराना तो बहुत दूर की बात है, मुकाबले में खड़ी भी नहीं हो सकती। आपरेशन सिंदूर के दौरान महज 48 घंटे में ही उसे युद्ध रोकने की गुहार लगानी पड़ी थी। इसीलिए वो एक ऐसे मजबूत कंधे की तलाश में थे, जिसके सहारे भारत के कोप से बचा जा सके। भारत के साथ-साथ इस समझौते को कतर में किए गए इजरायली हमले को भी कारण माना जा रहा है। 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस समझौते के पीछे तात्कालिक क्षेत्रीय तनाव तो हैं ही, इसके साथ ही मुख्य प्रावधान किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना, औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है। सऊदी अरब के लिए, यह अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के एक कदम का संकेत है। वहीं, पाकिस्तान को डर है कि भारत आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने से चूकने वाला नहीं है। पाक अब सऊदी को ढाल के रूप में इस्तेमाल भी करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पाक परमाणु शक्ति भी है, जिसकी विदेश नीति दबाव में तुरंत पलट सकती है। क्योंकि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। वो आर्थिक सहायता के बदले कुछ भी कर सकता है। हालांकि, पाकिस्तान सीधे तौर पर इजरायल या भारत पर हमले की हिमाकत शायद ही करे, क्योंकि वो अच्छी तरह से जानता है कि उसका परिणाम क्या होने वाला है। फिर भी भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाक एक जहरीले सांप की तरह है, जिस पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।

# 'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच-समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से।

कहावत है कि एक समय ब्रिटिश सत्ता में सूरज कभी नहीं डूबता था, अब उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी। इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया।

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है। विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई। अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल के अंतराल के बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है। ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं। इसीलिए प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं। प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिलता है तो वे भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देते हैं। अब अचानक इन देशों को प्रवासी अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं। स्थानीयता और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों की भावनाएं भड़काने की राजनीति जांची-परखी है। इसलिए इसे आधार बना कर सत्ता-राजनीति की बिसात भी बिछायी जाने लगी है।

अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवाने वाला 'ट्रंप कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे? ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में चुनाव भी होने वाले हैं। बेशक फ्रांस से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तक जनता के सड़कों पर उतरने के मूल में वहां की सरकारों की, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकामी तथा महंगाई, बेरोजगारी एवं खराब कानून व्यवस्था के चलते बढ़ती जीवन की मुश्किलें ही हैं, लेकिन ट्रंप के 'ट्रंप कार्ड' के बाद तमाम समस्याओं को स्थानीय बनाम प्रवासी का मुद्दा बना कर पेश करने की राजनीति जोर पकड़ रही है।

पिछले दिनों लंदन में प्रवासी विरोधी रैली का हिंसक हो जाना बताता है कि ये भावनाएं लगातार गहरा रही हैं। बेशक आर्थिक विकास की दौड़ में किसी देश के पिछड़ जाने या आगे निकल जाने का कोई एक कारण नहीं होता



और यह अचानक भी नहीं होता, पर महंगाई- बेरोजगारी के साथ-साथ अपराधों में भी वृद्धि की तपिश झेल रहे अंग्रेजों को यह समझा पाना मुश्किल नहीं कि कभी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ने के मूल में उस पर बढ़ता प्रवासियों का दबाव भी है। आश्चर्य नहीं कि नोजली, लॉटन और केंट के कुछ क्षेत्रों में प्रवासी विरोधी गुट सक्रिय और मुखर हो रहे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना भी मुश्किल थी कि ब्रिटेन के मूल निवासी अपने ही देश में खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगे, लेकिन अब राजधानी लंदन में ही कुछ 'नो-गो जोन' बन गये हैं, जहां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गैर मुस्लिम जाना असुरक्षित समझते हैं। ब्रिटेन की ही बात करें तो लगातार बढ़ती मुस्लिम आबादी फिलहाल प्रवासी विरोध की बड़ी वजह है। अनुमान है कि 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

किसी भी देश और समाज में जब आबादी का स्वरूप और संतुलन बदलता है, तो कई तरह की चुनौतियां पैदा होना स्वाभाविक है। बेहतर जीवन की चाह में विदेश जाने वाले प्रवासी भी अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजे रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में वे संगठित भी होते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद के जरिये स्थानीयता की राजनीति करने वाले उनकी सक्रियता और मुखरता को देश की मूल संस्कृति और निवासियों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।


इस्लामी संस्कृति से ले कर गाजा पर एकजुटता के प्रदर्शन तक मुस्लिम संगठनों की सक्रियता और मुखरता अंग्रेजी समाज में भविष्य के खतरे के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। ऐसा लग सकता है कि ब्रिटेन में प्रवासी विरोध के निशाने पर मुस्लिम ही हैं, पर वास्तव में अवैध प्रवासी हर देश में समस्या बनते जा रहे हैं। अमेरिका की तरह अन्य पश्चिमी देशों में भी अवैध प्रवासियों से सख्ती से निपटने के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इसी साल लगभग 28 हजार अवैध प्रवासी छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश कर चुके हैं। खुद को अवैध प्रवासियों के लिए धर्मशाला नहीं बनने देना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। बेशक जिन देशों से ये अवैध प्रवासी आते हैं, वे भी उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का तर्कसम्मत विरोध नहीं कर सकते। जब अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी-बेड़ी पहना कर भारत भेजे तो हमारे पास भी मानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाने के अलावा कहने को ज्यादा कुछ नहीं था। इस विश्वव्यापी समस्या का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है। बेशक पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए ही विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने। हां, सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से। जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य की बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार




लवासा में देवकुंड झरना एक छिपा हुआ रत्न है। 20 फिट की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को देख यात्री तरोताजा महसूस करते हैं। यहां पहुंचने के बाद देवकुंड पर्यटन टीम आपको कैंपिंग, ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटी के बारे में पूरी जानकारी देती है।

# मन की कड़वाहट मिटेगी तो संबंध में आएंगी ताजगी



संकलित
## दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
## प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे।

## आस्था
बाल मुकुन्द ओझा



# शक्ति भक्ति, मेलों-ठेलों और खुशियों के त्योहार

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। विशेषकर सितम्बर और अक्टूबर का त्योहारी महीना अपने साथ कई सौगातें लेकर आता है। इस दौरान बारिश विदाई ले चुकी होती है और मौसम में बदलाव की आहट लोग महसूस करते है। इस मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सितम्बर माह से देश में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। नवरात्रि से दीपावली तक दो माह इस बार कई महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों की सौगात लेकर आ रहा है। ये माह आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथियों को अपने साथ लेकर आया है। यह एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही 22 सितम्बर से विधिवत त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी, करवा चौथ, दीपावली, प्रदोष व्रत, शरद पूर्णिमा जैसे बड़े व्रत, त्योहार और मेले ठेले हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाये जायेंगे। दीपावली तक त्योहारी खरीदारी का माहौल रहेगा और उसके बाद शादियों का दौर बाजारों को नई रफ्तार देगा। बहरहाल यहां हम त्योहारी सीज़न की चर्चा कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते हैं जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते हैं और खुशहाली की कामना करते हैं। त्योहारी सीज़न की शुरुआत शारदीय नवरात्रि से हो रही है। 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के लाखों भक्त उनकी तन मन से पूजा-आराधना करते हैं ताकि उन्हें उनकी श्रद्धा का फल मां के आशीर्वाद के रूप में मिल सके। धनतेरस का पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इसे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार, 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। शाम को घरों में दीपक जलाकर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा मंगलवार, 21 अक्टूबर को है। लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। भाई दूज गुरुवार, 23 अक्टूबर को है। यह दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। बहनें अपने भाइयों को तिलक करती हैं और लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्योहारों में लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक नए कपड़े, जमीन जायदाद सोने-चांदी के सामान सहित घरेलू जरूरत के सामान खरीदते हैं। तन-मन को प्रफुल्लित करने वाला ये पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियां प्रदान करते हैं। त्योहार जीवन को प्रेम, बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है और बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक स्मार्ट मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*- प्रदीप यदु, रायपुर*

## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम



सेवा पखवाड़े के तहत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मेरी सभी भारतीयों से अपील है कि वे निश्चित रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।

- भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मुश्किल पार करने की ताकत



बारिश की वजह से हुआ कीचड़ हो या इंसानों द्वारा बनाए गए बांध - मुझे मेरे लोगों से मिलने से कोई भी परिस्थिति नहीं रोक सकती। यह रिश्ता हर मुश्किल को पार करने की ताकत रखता हैं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### कई कैदियों की रिहाई



हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सज़ा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें बधाई देती हूं।

-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### प्रभावित परिवारों से मुलाकात



आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और कस्बों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। हम मिलकर पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएंगे।

-कंगना रनौत, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित



अफगानिस्तान में लोगों को "अनैतिक आचरण से बचाने के लिए" तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं। उत्तरी बल्ख प्रांत ने मंगलवार को वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं बंद होने की पुष्टि की, जबकि देश के अन्य हिस्सों में भी गंभीर व्यवधान की खबरें हैं। बृहस्पतिवार को पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों के अधिकारियों ने बताया कि बगलान, बदख्शान, कुंदुज, नंगरहार और तखर प्रांत में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। 'अफगानिस्तान मीडिया सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन' ने वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध की निंदा की। संगठन ने कहा, 'तालिबान के शीर्ष नेता के आदेश पर उठाया गया यह कदम न केवल मुफ्त सूचनाओं और आवश्यक सेवाओं तक लाखों नागरिकों की पहुंच बाधित करता है।

## ऑफ बीट

# हमेशा जीवित रहने अमरत्व बेचने की तैयारी में विशेषज्ञ




क्या आपको मौका मिले तो हमेशा जीवित रहने के लिए भुगतान करना चाहेंगे? सिलिकॉन वैली के कुछ अरबपति अब सिर्फ प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पाद ही नहीं बना रहे, बल्कि उनकी नजरें 'अमरत्व' हासिल करने पर हैं। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी सोच को प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंसर्स) बड़ी संख्या में उपयुक्त खाद्य सामग्री, मशरूम पाउडर और अन्य कई 'तरह के आहार' को बढ़ावा दे रहे हैं जो दावा करते हैं कि वे आपकी उम्र को उलट सकते हैं या जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश उपायों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। बर्फीले स्नान (आइस बाथ), सौना, क्रायोथेरेपी और रेड लाइट थैरेपी जैसे उपाय अब तेजी से बढ़ते एक उद्योग का हिस्सा बन चुके हैं जो लंबे जीवन और युवा दिखने की चाह पर आधारित है। वैज्ञानिक साक्ष्य की बजाय मुनाफे पर ज़ोर विशेषज्ञों का कहना है कि यह उद्योग उन लोगों को लक्षित कर रहा है जो बुढ़ापे और मृत्यु से डरते हैं। हालांकि, आज तक कोई मनुष्य अमर नहीं हुआ, और न ही जैविक रूप से यह संभव है। डार्विन के सिद्धांत पर आधारित विकास प्रक्रिया जीवों को अधिक समय तक जीवित रहने की बजाय सफल प्रजनन और अनुकूलन के लिए तैयार करती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शुक्रवार 19 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 177
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 25.6


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7
सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया ...
विचार पेज
'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना









# गांजा के धंधे में अब घुमंतू महिलाएं भी टिटलागढ़ का नशा सिर चढ़कर बोल रहा

हरिभूमि लाइव

ललित राठोड़ ⏭ रायपुर

राजधानी में गांजा बेचने वालों ने पुलिस की सख्त कार्रवाई से बचने के लिए अब अपना तरीका और ठिकाने दोनों बदल दिए हैं। पहले जहां पुरुष खुलेआम गांजा बेचते थे, वहीं अब यह काम महिलाओं के जरिए कराया जा रहा है। गांजा तस्कर दूसरे राज्यों से नशा खरीदकर शहर के अलग-अलग इलाकों में फैला रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के बावजूद इनकी संख्या में कोई खास कमी नहीं ⏭|शेष पेज 6 पर

### केस 1 आमानाका

**रिपोर्टर:** ताजा गांजा मिलेगा?
**महिला (बेचने वाली):** ये ले पुड़िया पकड़, और 100 रुपया दे।
**रिपोर्टर:** कहां का गांजा है, ये तो बताओ?
**महिला:** कड़क माल है... कल ही टिटलागढ़ से आया है।
**रिपोर्टर:** इसमें खास क्या बात है?
**महिला:** पीकर देख लेना... गांजा पत्तीदार है।

### केस 2 : लाखेनगर

**रिपोर्टर:** पुड़िया मिलेगी क्या?
**महिला:** क्या पुड़िया चाहिए तुझे?
**रिपोर्टर:** गांजा की चाहिए। नया आदमी नहीं हूं।
**महिला:** 100 का है। जल्दी पैसा दे और निकल यहां से।
**रिपोर्टर:** ऑनलाइन पैसे दे दूं?
**महिला:** नहीं, कैश ही चाहिए।

### केस 3 : कुकुरबेड़ा

**रिपोर्टर:** गांजा मिलता था यहां, जगह बदल गई है क्या?
**युवक:** कुछ दिन पहले पुलिस की कार्रवाई हुई थी, अभी बंद है।
**रिपोर्टर:** अभी कहां मिल पाएगा गांजा?
**युवक:** कुछ दिन बाद नई जगह से बेचना शुरू करेंगे। अभी नया माल नहीं आया है।

**टिटलागढ़ के पत्तीदार गांजे की बढ़ी डिमांड:** हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि रायपुर में हर महीने करीब हजार किलो गांजा अलग-अलग रास्तों से पहुंच रहा है। तस्करों ने बताया कि सबसे ज्यादा डिमांड टिटलागढ़ (ओडिशा) के गांजे ⏭|शेष पेज 6 पर






## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी यात्रा रोके जाने के बाद फिर शुरू



**कटरा/जम्मू।** माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण सुबह फिर से शुरू हो गया। खराब मौसम के कारण कुछ समय तक स्थगित रही तीर्थयात्रा को प्राधिकारियों ने फिर से शुरू करने का फैसला किया है। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर के लिए तीर्थयात्रा भूस्खलन और भारी बारिश के कारण 22 दिन तक स्थगित रही थी और इसे बुधवार को बहाल किया गया।

### 12 करोड़ का ड्रग्स जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** पुलिस ने कछार जिले में 12 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि पुलिस ने जिले के कथलबस्ती इलाके में एक बड़े मादक पदार्थ रोधी अभियान में 40,000 याबा टैबलेट जब्त किए। 12 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त। कथल बाईपास के पास कथलबस्ती में मादक पदार्थ रोधी अभियान में कछार पुलिस ने 40,000 याबा टैबलेट ज़ब्त किए।

### ऑपरेशन थिएटर में सांप पकड़ने के बाद जंगल में छोड़ा



**झांसी।** झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में एक सांप मिलने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ऑपरेशन थिएटर प्रभारी कनक श्रीवास्तव की सूचना पर वन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिसने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### लापता नौसेना अधिकारी का खाई में मिला शव

**मुंबई।** मुंबई के पास माथेरान हिल स्टेशन पर ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए नौसेना के 33 वर्षीय अधिकारी का शव सड़ी-गली हालत में एक खाई में मिला। मृतक की पहचान सूरजसिंह अमरपालसिंह चौहान के रूप में हुई है, जो दक्षिण मुंबई के कोलाबा में मास्टर चीफ, क्लास-द्वितीय के पद पर कार्यरत थे और चार महीने पहले ही ड्यूटी पर आए थे। चौहान सात सितंबर को माथेरान में ट्रेकिंग के लिए भीवपुरी-गारबेट मार्ग के रास्ते गए थे और बाद में उनका कुछ पता नहीं चला।

*सीईसी पर 'वोट चोरों' के बचाव का आरोप, भाजपा ने साधा निशाना*

# राहुल का दावा, कांग्रेस के गढ़ में हटाए गए वोटरों के नाम, ईसी ने कहा-आरोप झूठे

■ 'वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की मुहिम

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने का एक और सबूत दिया। गांधी ने ईसी पर आरोप लगाया कि कर्नाटक के आलंद में 6018 वोट डिलीट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने पाया है कि महज 14 मिनट में 12 वोट डिलीट किए गए। इससे ये तो साफ है कि चुनाव आयोग वोट चोरों को बचा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए गुरुवार को मतदाता सूचियों से 'कांग्रेस समर्थक मतदाताओं' के नाम हटाए जाने का विषय उठाया। पत्रवार्ता में आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'लोकतंत्र की हत्या करने वालों' तथा 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को 'बहाने बनाना' बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को 'वोट चोरी' का सबूत सौंपना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। इधर, भाजपा ने भी राहुल गांधी पर पलटवार किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ⏭|शेष पेज 6 पर

### राहुल का दावा

- कर्नाटक के आलंद में 6018 वोटर्स को डिलीट करने की कोशिश हुई
- गोदाबाई के लॉगिन का इस्तेमाल कर 12 लोगों का नाम हटाया गया
- मोबाइल नंबर्स जिनका इस्तेमाल वोटर्स को हटाने के लिए किया गया
- कर्नाटक सीआईडी ने चुनाव आयोग को 18 बार रिमाइंडर लेटर्स भेजे
- महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के राजौरा विस में 6850 नाम जोड़े गए



### आयोग के अंदर से मिल रही मदद

राहुल गांधी ने सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, निर्वाचन आयोग के अंदर से हमें मदद मिलनी शुरू हो गई है। यह रुकने वाला नहीं है। उनका कहना था कि एक बार देश की जनता और युवाओं को पता लग गया कि 'वोट चोरी' हो रही है, तो इसे रोकने के लिए वे अपनी ताकत लगा देंगे। राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के विषय पर न्यायालय जाने की संभावना से जुड़े सवाल पर कहा, सच कहूं तो, मैं यहां जो कर रहा हूं, वह मेरा काम नहीं है। मेरा काम लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी करना है। मेरा काम लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करना नहीं है। यह काम भारत की संस्थाओं का है; वे ऐसा नहीं कर रही हैं, इसलिए मुझे करना पड़ रहा है।

### शाह ने आरोप को बताया 'झूठा विमर्श'



सत्तारूढ़ भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप भारतीय लोकतंत्र में उनके और कांग्रेस के अविश्वास को दर्शाते हैं तथा वे घुसपैठिए को बचाने की राजनीति करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोप को भी 'झूठा विमर्श' करार दिया।

### राहुल 'घुसपैठिये प्रथम' की राजनीति के पक्ष में

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'घुसपैठिए प्रथम की राजनीति' गांधी का एकमात्र एजेंडा है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों की बात कर सकते हैं, आयोग द्वारा करायी जा रही मतदाता सूची की समीक्षा का विरोध करके अवैध मतदाताओं को बचाने की उनकी कोशिश इन समुदायों के हितों को नुकसान पहुंचाएगी।

### आयोग ने कहा, आरोप निराधार

निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है।

*मनकेली के जंगल में*

# मुठभेड़ में मारे गए नक्सली शिक्षादूत समेत पांच हत्या में थे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के मनकेली जंगल में बुधवार दोपहर मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। दोनों पर सात लाख रुपए का ईनाम घोषित था, जो तोड़का शिक्षादूत समेत पांच ग्रामीणों की हत्या मामले में संलिप्त थे।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर के मनकेली मुठभेड़ में मारे गए नक्सली एसीएम गंगालूर एरिया मिलिट्री कमांड मेंबर रघु हपका (33), निवासी पेद्दाकोरमा पर पांच लाख रुपए तथा पार्टी सदस्य पेद्दाकोरमा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ⏭|शेष पेज 6 पर

### हिंसा का मार्ग त्यागने की अपील

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सली 17 जून 2025 को ग्राम पेद्दाकोरमा में 1 छात्र सहित 3 ग्रामीणो की निर्मम हत्या, 29 अगस्त को ग्राम मनकेली में 1 ग्रामीण तथा 30 अगस्त को थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत तोड़का निवासी शिक्षादूत कल्लू ताती की हत्या में शामिल थे।

# सीबीआई ने अंबानी समूह और यस बैंक घोटाले में दायर की चार्जशीट

*दो मामलों में चार्जशीट दाखिल*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सीबीआई ने गुरुवार अनिल अंबानी समूह की कंपनियों और यस बैंक के बीच कथित धोखाधड़ीपूर्ण वित्तीय लेन-देन से जुड़े दो मामलों में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई की जांच के अनुसार, वर्ष 2017 में उस समय के यस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ राणा कपूर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, अनिल अंबानी की समूह कंपनियों रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफ़एल) में करीब 5,010 करोड़ का निवेश कराया।

जांच से पता चला है यस बैंक द्वारा निवेश की गई यह राशि बहुस्तरीय लेन-देन के जरिये बाहर निकाल दी गई और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ। सीबीआई के अनुसार, इस षड्यंत्र में राणा कपूर और अनिल अंबानी ने एक-दूसरे को फायदा पहुंचाने के लिए सांठगांठ की। यस बैंक से एडीए समूह की संकटग्रस्त कंपनियों को पूंजी दिलाई गई। बदले में, अंबानी समूह की कंपनियों ने राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर और बेटियों राधा एवं रोशनी कपूर की कंपनियों को ऋण और निवेश उपलब्ध कराए।

### अन्य निवेश और लेन-देन

रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड्स ने राणा कपूर परिवार की कंपनी मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड में 1,160 करोड़ का निवेश किया। यस बैंक से एडीए समूह के डिबेंचर 249.80 करोड़ में खरीदे गए। इसके अलावा, यस बैंक के उच्च जोखिम वाले एटी-1 बॉन्ड्स में भी 1,750 करोड़ का निवेश किया गया।

### शामिल कंपनियां और धाराएं

सीबीआई की चार्जशीट में अनिल अंबानी, राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर समेत कई कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। इनमें आरसीएफएल, आरएचएफ़एल, मॉर्गन क्रेडिट्स प्रा. लि., आरएबी एंटरप्राइजेज प्रा. लि., इमैजिन एस्टेट प्रा. लि. सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

# 40 सेमी. की दूरी ने तोड़ दिया सपना

एजेंसी ⏭ टोक्यो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा से भारतीय फैन्स को उम्मीदें थीं, लेकिन उन्होंने निराश किया। पिछली बार के चैम्पियन नीरज आठवें नंबर पर रहे। इस बीच, भारत के लिए उम्मीद बने सचिन यादव। सचिन यादव ब्रॉन्ज जीतने से सिर्फ 40 सेमी दूर रह गए। यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।



**सचिन का प्रदर्शन**
पहला थ्रो- 86.27 मीटर
दूसरा थ्रो- फाउल
तीसरा थ्रो- 85.71 मीटर
चौथ थ्रो- 84.90 मीटर
पांचवां थ्रो- 85.96 मीटर
छठा थ्रो- 80.95 मीटर

*हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश*

# सबरीमाला मंदिर की मूर्तियों से 4 किलो सोना गायब!

एजेंसी ⏭ कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़े एक गंभीर मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मंदिर की द्वारपालक मूर्तियों पर चढ़ी सोने की परत में कथित धांधली सामने आने के बाद कोर्ट ने त्रावणकोर देवासम बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह इस पूरे मामले की गहन जांच करे।



**बिना अनुमति के भेजी गई थीं मूर्तियां:** न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 1999 में स्थापित इन मूर्तियों की 40 वर्षों की वारंटी थी।

### सोने की परत चढ़ाने भेजा, वजन हुआ कम

जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस केवी जयकुमार की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जब मूर्तियों को सोने की परत चढ़ाने के लिए भेजा गया, तब उनका वजन 42.8 किलोग्राम था।

*विष्णु मूर्ति मामले में अपनी टिप्पणी पर दी सफाई, मच गया था बवाल*

# सीजेआई गवई ने कहा- मैं सभी धर्मों का करता हूं सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मध्यप्रदेश के विष्णु मूर्ति मामले में की गई टिप्पणी के बाद उपजे विवाद पर गुरुवार को अपनी सफाई दी। उन्होंने एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर आई थी, लेकिन उनका इरादा किसी का अनादर करने का नहीं था, वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सोशल मीडिया को 'अनियंत्रित घोड़ा' कहा, जिसे नियंत्रित करना मुश्किल है। बीआर गवई ने कहा कि उनके बयान को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। बता दें कि सीजेआई की टिप्पणी सोशल मीडिया ⏭|शेष पेज 6 पर



### यह मामला एएसआई के क्षेत्र में : सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यह मामला पूरी तरह से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता इस बीच शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना कर सकते हैं।

### वह टिप्पणी, जिस पर हो रहा विवाद

16 सितंबर को सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने खजुराहो के जावरी मंदिर में 7 फुट ऊंची सिर कटी विष्णु मूर्ति को पुनर्स्थापित करने की मांग वाली याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया था। सीजेआई ने कहा था, जाओ और देवता से कुछ करने को कहो। तुम कहते हो कि तुम भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो। तो जाओ और प्रार्थना करो। यह पुरातात्विक स्थल है, इसलिए एएसआई अनुमति देगा। माफ करना।

### मिला सीनियर वकीलों का साथ

इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं सीजेआई को 10 साल से जानता हूं। ये मामला गंभीर है। न्यूटन के नियम अनुसार हर क्रिया की बराबर प्रतिक्रिया होती है लेकिन। अब सोशल मीडिया पर हर क्रिया की बेहद ज़्यादा प्रतिक्रिया होती है। सीजेआई ने सभी धार्मिक स्थानों की यात्रा की है।

### विहिप ने कहा- ऐसी टिप्पणी से बचना चाहिए

विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक बयान में कहा, हमें लगता है कि प्रधान न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी से हिंदू धर्म की मान्यताओं का माखौल उड़ा है। ऐसी टिप्पणियों से बचना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि अदालतें न्याय के मंदिर हैं जिन पर भारतीय समाज की आस्था और विश्वास है। कुमार ने कहा, यह हमारा कर्तव्य है कि यह विश्वास न केवल बरकरार रहे, बल्कि और भी मजबूत हो। उन्होंने कहा, खासकर अदालत के अंदर अपनी टिप्पणियों में संयम बरतना भी हमारा कर्तव्य है।

स्पेशलः बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन



फिक्शनल कैरेक्टर

शिखर चंद जैन

बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्टः** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।



**86 साल पुराना कैरेक्टरः** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओरः** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैनः** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएंः** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंसः** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेवः** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटीः** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन कोः** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेषः रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवसः** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।




**होते हैं कई आयोजनः** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडाः** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले




**नैंसीः** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्याः** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसीः** मिनीमम (मिनी-मम)।
**-खुशबू, ईमेल से**

**पापाः** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकूः** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
**-कमल, रायपुर**

**सोनूः** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनूः** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए)ः** हां-हां, बिल्कुल सही।
**-साकेत, बिलासपुर**

## जीके क्विज-171



1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?

**बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-170 का उत्तरः** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी

विमला रस्तोगी


सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली

कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहनें हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।



सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता

सुरेंद्र विक्रम



# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी




रेयांश, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।




MARUTI SUZUKI
NEXA
CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.
WITH GST BENEFITS#
AVAIL SPECIAL BOOKING OFFER OF ₹ 10 000*
GRAND VITARA
XL6
*OFFER VALID ON BOOKINGS DONE TILL 20TH SEPTEMBER 2025
NEXA SAFETY SHIELD
ESP WITH HILL HOLD ASSIST
6 AIRBAGS AS STANDARD
3 POINT ELR WITH SEAT BELT REMINDER
ABS WITH EBD
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
REVERSE PARKING ASSIST
FRONTAL OFFSET IMPACT, SIDE IMPACT, AND PEDESTRIAN COMPLIANCE
3 YEARS/1 00 000km WARRANTY
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹ 90 000^
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹ 1 00 000^
UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE**
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the rights to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. ^Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer. 3 years or 100 000 km, whichever is earlier. Above offers are valid until stocks last. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Revised price effective from September 22, 2025. #Prices subject to applicable GST rates as notified by the Government. **By selected finance partners.

### सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को दिया निर्देश

# सिख मैरिज रजिस्ट्रेशन को लेकर चार महीने की मियाद

## आनंद कारज एक्ट पर की पहल, कहा- व्यवस्था सबके लिए निष्पक्ष और समान होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 'आनंद कारज' (सिख विवाह समारोह) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के नियम चार महीने के भीतर अधिसूचित करें। कोर्ट ने कहा कि जब संविधान नागरिकों को समान अधिकार देता है तो धार्मिक पहचान के सम्मान के साथ-साथ वैवाहिक पंजीकरण की व्यवस्था भी सबके लिए निष्पक्ष और समान होनी चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब कानून आनंद कारज को मान्यता देता है लेकिन उसकी रजिस्ट्रेशन मशीनरी उपलब्ध नहीं होती, तो यह वादा अधूरा रह जाता है। अदालत ने साफ किया कि 'सेक्युलर देश में राज्य नागरिक की आस्था को न तो विशेषाधिकार बनाए और न ही बोझ।'

### कोर्ट की अहम टिप्पणी

बेंच ने कहा कि सेक्शन 6 का दायित्व हर राज्य पर लागू होता है और इसे टाला नहीं जा सकता. यह दायित्व इस बात से जुड़ा नहीं है कि लाभार्थी समूह छोटा है या बड़ा। अदालत ने यह भी कहा कि अलग-अलग राज्यों में असमान पंजीकरण से समान परिस्थितियों वाले नागरिकों के साथ असमान व्यवहार होता है।



### केंद्र और राज्यों के लिए आदेश

कोर्ट ने केंद्र सरकार को समन्वयक की भूमिका निभाने और दो महीने में मॉडल नियम सभी राज्यों को भेजने का निर्देश दिया। साथ ही छह महीने में एक समेकित स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश करने को कहा गया। कोर्ट ने साफ किया कि जब तक नियम अधिसूचित नहीं होते, तब तक आनंद कारज विवाह को मौजूदा विवाह पंजीकरण ढांचे में दर्ज किया जाए।

### गोवा और सिक्किम के लिए विशेष निर्देश

गोवा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी सिविल रजिस्ट्रेशन ऑफिस आनंद कारज विवाह को बिना भेदभाव स्वीकार करें। साथ ही केंद्र को चार महीने में गोवा में आनंद विवाह अधिनियम लागू करने का निर्देश दिया गया। वहीं सिक्किम को भी निर्देश दिया गया कि मौजूदा नियमों के तहत आनंद कारज विवाह को पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल किया जाए। इसके अलावा केंद्र को संविधान के अनुच्छेद 371एफ(एन) के तहत अधिनियम को सिक्किम में लागू करने का प्रस्ताव चार महीने में पेश करने को कहा गया।

### समानता पर जोर

*कोर्ट ने कहा कि पंजीकरण की व्यवस्था सीधे नागरिकों के समान अधिकार और सुव्यवस्थित प्रशासन से जुड़ी है। इसलिए किसी भी नागरिक को केवल इस आधार पर पंजीकरण से वंचित नहीं किया जा सकता कि संबंधित राज्य ने अब तक नियम अधिसूचित नहीं किए हैं।*

### विवाह प्रमाणपत्र कई अधिकारों के लिए जरूरी

*सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विवाह प्रमाणपत्र उत्तराधिकार, बीमा, भरण-पोषण और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी है कि सिख नागरिकों को यह सुविधा समान रूप से मिले।*

## खबर संक्षेप

### मालेगांव धमाका : एनआईए प्रज्ञा ठाकुर को नोटिस जारी



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2008 में हुए मालेगांव बम धमाकों के मामले में बरी किए गए सभी आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने यह नोटिस बम धमाकों के पीड़ितों के रिश्तेदारों की ओर से दायर अपील पर सुनवाई के बाद जारी किए। 31 जुलाई को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित, मेजर (रिटायर्ड) रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय रहीरकर, सुधाकर धर द्विवेदी और समीर कुलकर्णी को बरी कर दिया था।

### प्रियंका जाएंगी बिहार पूर्णिया में 26 को सभा



**पटना।** एसआईआर (गहन मतदाता पुनरीक्षण) के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद दूसरी बार कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी बिहार दौरे पर आ रही हैं। करीब एक महीने के भीतर उनका बिहार का दूसरा दौरा होगा। 26 सितंबर को पूर्णिया में जनसभा को संबोधित करेंगी। जहां बीते 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी जनसभा की थी। बिहार को 40 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात दी।

### आजम खान को राहत जमानत याचिका मंजूर



**प्रयागराज।** जेल में बंद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खान की याचिका मंजूर कर ली गई है। जस्टिस समीर जैन की सिंगल पीठ ने यह फैसला सुनाया। लेकिन क्वालिटी बार मामले में जमानत मिलने के बाद भी आजम खान की जेल से रिहाई नहीं होगी।

### रियाद में प्रिंस सलमान और शहबाज शरीफ ने किया करार

# सऊदी-पाक ने किया समझौता, मिलकर देंगे हमले का जवाब, भारत बोला- हम सतर्क हैं

### *रायटर्स का दावा- समझौते में एटमी हथियार का इस्तेमाल भी शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के नजरिये से एक अहम खबर है। सउदी अरब और पाकिस्तान ने बुधवार को 'स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट' यानी रक्षा समझौते पर साइन किए हैं। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो उसे दोनों पर हमला माना जाएगा और एक-दूसरे को मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। रॉयटर्स के मुताबिक, इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। इधर, भारत ने साफ किया है कि वह इस घटनाक्रम पर करीबी नजर रखेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर सतर्क रहेगा।

रियाद के अल-यमामा पैलेस में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने समझौते पर साइन किए। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे।



**एक्सपर्ट बोले- क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के लिए चिंताजनक :** विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान-सऊदी रक्षा समझौता क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे में एक अहम बदलाव ला सकता है। सनद रहे कि पाकिस्तान एकमात्र इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

### 'हमें इसकी खबर सरकार इसके निहितार्थों का अध्ययन करेगी *विदेश मंत्रालय*



इस बड़े रक्षा समझौते पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार इस घटनाक्रम से अवगत थी और यह लंबे समय से विचाराधीन था। जायसवाल ने मीडिया से कहा, 'हमने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस डील पर साइन किए जाने की रिपोर्ट देखी है। सरकार इसके निहितार्थों का अध्ययन करेगी- चाहे वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हों या क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता से। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

### यह समझौता गंभीर चिंता का विषय और हमारी विदेश नीति के लिए झटका : कांग्रेस

कांग्रेस ने पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने समझौते को भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया और इसे कूटनीतिक विफलता बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस पर गहरी चिंता व्यक्त करती है और इसे हमारे प्रधानमंत्री की बहुप्रचारित व्यक्तित्व-चालित कूटनीति के लिए एक और झटका मानती है।'ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोकने के एक महीने बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने फील्ड मार्शल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन पर आमंत्रित किया। वही व्यक्ति जिसके भड़काऊ, उत्तेजक और सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी बयानों ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमलों को हवा दी थी। हमारे प्रधानमंत्री की बहुप्रचारित चीन यात्रा के कुछ ही दिनों बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के लिए चीन के गुप्त सैन्य परिसर के दरवाजे खोल दिए। अब सऊदी अरब (जहां प्रधानमंत्री 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकवादी हमलों के दौरान मौजूद थे) ने पाकिस्तान के साथ एक 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा' समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह निस्संदेह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है।



### अहमदाबाद प्लेन क्रैश

# अमेरिका में बोइंग-हनीवेल कंपनियों पर हुआ केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 4 यात्रियों के परिवारों ने अब अमेरिका में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग और उसके पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवारों का आरोप है कि दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। यह मुकदमा टेक्सास की लैनियर लॉ फर्म के जरिए दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि विमान में लगे ईंधन स्विच में खराबी थी और यही हादसा की वजह बना। परिवारों का आरोप है कि बोइंग और हनीवेल इन खतरों के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया।

### पीड़ित परिवार बोले- हादसे के लिए कंपनी जिम्मेदार



### जून में अहमदाबाद में हुआ था हादसा

एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरकर लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा था।। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 60 विदेशी यात्री शामिल थे।

### बोइंग ने नहीं की टिप्पणी

बोइंग ने इस मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने सिर्फ इतना कहा कि भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट इस मामले पर जानकारी देती है। हनीवेल की तरफ से भी कोई जवाब नहीं आया। फिलहाल हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट 2026 में आने की उम्मीद है।

### हादसे के 4 हफ्ते पहले मिली थी चेतावनी

बोइंग विमानों के रखरखाव को लेकर ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चार हफ्ते पहले बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर को लेकर अलर्ट जारी किया था।विमानों में फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्ट्यूएटर्स को संभावित खतरा बताया था। प्राइमरी रिपोर्ट में सामने आया है कि प्लेन के फ्यूल स्विच बंद होने की वजह से अहमदाबाद हादसा हुआ था।

# अमेरिका में दिनदहाड़े गोलीबारी 3 पुलिस अधिकारियों की मौत




**न्यूयार्क।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में पुलिस पर हुए एक जानलेवा हमले में तीन पुलिस अधिकारियों की जान चली गई। दो अन्य अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। पेंसिल्वेनिया के शांत माने जाने वाले शहर कोडोरस टाउनशिप में अचानक गोलियों की आवाज गूंज उठी, जिसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया। यह घटना बुधवार दोपहर को हुई, जब ये अधिकारी एक घरेलू मामले की जांच के सिलसिले में कोडोरस टाउनशिप पहुंचे थे। जैसे ही वे वहां पहुंचे तो उन पर हमला हो गया। पुलिस कमिश्नर क्रिस्टोफर पेरिस ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया।

### जांच टीम पर अचानक शुरू हुई गोलीबारी

यह घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में हुई, जो फिलाडेल्फिया से लगभग 115 मील वेस्ट में है। पुलिस के मुताबिक, अधिकारियों की एक टीम एक घरेलू मामले की जांच के लिए गई थी, जिसकी शुरुआत एक दिन पहले हुई थी। जैसे ही वे घटनास्थल पर पहुंचे, हमलावर ने उन पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी. इस हमले में तीन अधिकारियों की मौत हो गई। स्टेट पुलिस कमिश्नर पेरिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह एक 'घरेलू-संबंधी' मामला था। हालांकि उन्होंने अभी इस बारे में और ज्यादा जानकारी देने से मना किया है।

### चमोली में भीषण तबाही

# बादल फटने से 35 मकान मलबे में दबे, 14 लापता... रेस्क्यू जारी

एजेंसी ▶▶| चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में गुरुवार तड़के बादल फटने से चार गांवों में जल प्रलय आ गई। भूस्खलन और बाढ़ की घटनाओं में 14 लोग लापता हो गए और 20 अन्य बुरी तरह घायल हो गए। प्रभावित इलाकों में मलबे और बाढ़ के चलते 35 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई दुकानों और गोशालाओं को भी नुकसान पहुंचा है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि राहत-बचाव कार्य में एक शव बरामद हो चुका है। आपदा में अपने और घर-बार गंवा देने वालों की संख्या तकरीबन 200 है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस बचाव कार्यों में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) से घटनास्थल का जायजा भी लिया। गौरतलब है, उत्तराखंड में इस मानसून सीजन में लगातार प्राकृतिक आपदाओं ने राज्यवासियों की जिंदगी प्रभावित की है। दो दिन पहले ही देहरादून में बादल फटने और भूस्खलन से 22 लोग मारे गए और 15 अन्य लापता हुए थे।



### दलदल और भारी मलबे से रेस्क्यू में दिक्कत

स्थानीय निवासी और इंडियन रेडक्रॉस के प्रतिनिधि नंदन सिंह ने बताया कि दलदल और भारी मलबे के कारण राहत कार्यों में कठिनाई हो रही है। कुंतरी गांव और मोख घाटी में बरसाती नालों और नदी में बाढ़ के चलते कई भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### केदारनाथ में सुरक्षा मानकों के साथ हेली सेवाएं

यात्रियों और चार धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से मौसम पूर्वानुमान के अनुसार योजना बनाने की अपील की है। सीएम धामी ने कहा है कि केदारनाथ में 17 सितंबर से हेलीकॉप्टर सेवाएं दोबारा शुरू हो गई है। सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

### तीनों सेनाओं की एजुकेशन विंग का भी होगा विलय

# भारत में पहली बार बनेगा संयुक्त सैन्य स्टेशन

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत ने तीनों सेनाओं के संयुक्त सैन्य स्टेशन बनाने का फैसला किया है। यह देशभर में अपनी तरह का पहला ऐसा स्टेशन होगा। सशस्त्र बलों में अधिक एकजुटता और एकीकरण लाने के लिए भारत के शीर्ष सैन्य पदानुक्रम ने बुधवार को तीन संयुक्त सैन्य स्टेशन बनाने का निर्णय लिया। इसके साथ ही तीनों रक्षा सेवाओं की शिक्षा शाखाओं को एक त्रि-सेवा शिक्षा कोर में विलय करने पर भी सहमति व्यक्त की गयी है।

कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के अंतिम दिन घोषित ये निर्णय इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड बनाने पर चल रही चर्चाओं के बीच लिए गए हैं। हालांकि,तीनों संयुक्त सैन्य स्टेशनों के स्थान अभी तक ज्ञात नहीं हैं लेकिन सूत्रों ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, ग्वालियर, पुणे और सिकंदराबाद सहित कुछ स्थानों पर चर्चा चल रही है। ये सभी स्थान तीनों सेनाओं में से किसी एक के अधीन काम करने वाले थे।



### इन सेवाओं का होगा विलय

एक संयुक्त सैन्य स्टेशन का प्रभावी अर्थ यह होगा कि थलसेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना की सभी सुविधाएं बुनियादी ढाँचा, मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ भंडार और आपूर्ति सहित संयुक्त हो जाएंगी ताकि उनका अनुकूलन किया जा सके और उन्हें एक साझा नेतृत्व वाली सेवा के अंतर्गत लाया जा सके। इस प्रकार, तीन संयुक्त सैन्य स्टेशन बनाने का निर्णय तीनों सेनाओं के बीच बेहतर एकीकरण लाने में कारगर होगा और मैनपावर, बुनियादी ढांचे और संपत्तियों के अनुकूलन में भी मदद करेगा।

### वाहनों की कीमतों में 22 सितंबर से करेगी कटौती

# मारुति कारों के दाम 46,400 से 1.29 लाख तक घटाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वाहनों की कीमत में 22 सितंबर से 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी।

कंपनी ने कहा कि उसने वाहनों को और अधिक किफायती बनाने के लिए 8.5 प्रतिशत के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में भी कटौती की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि शुरुआती स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के10 की कीमतों में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो की कीमतों में 94,100 रुपये तक, वैगन-आर की कीमतों में 79,600 रुपये तक और इग्निस की कीमतों में 71,300 रुपये तक की कमी आएगी।

### भारत में प्रति 1000 लोगों पर 34 कार

बनर्जी ने कहा, "भारतीय बाजार में कार को अपनाने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। चूंकि भारत में कारों की पहुंच बहुत कम, प्रति 1,000 लोगों पर 34 है, इसलिए यह और भी जरूरी है कि बाजार में अग्रणी होने के नाते हम भारत को गतिमान बनाने के लिए यह पहल कर रहे हैं।"

### कंपनी ने छोटी कारों की कीमतों में भी कटौती की है



***दोपहिया से चलने वालों को कार लेने में करेंगे मदद***

*मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि कंपनी ने दोपहिया वाहन से चलने वालों को कार लेने में मदद करने के लिए 8.5 प्रतिशत के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में अलग से कमी की है।*

### प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपए कम होगी

कंपनी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपये तक कम हो जाएगी। इसी तरह बलेनो की कीमत 86,100 रुपये, टूर एस की कीमत 67,200 रुपये, डिजायर की कीमत 87,700 रुपये, फ्रोंक्स की कीमत 1,12,600 रुपये और ब्रेजा की कीमत 1,12,700 रुपये तक कम हो गई है।

### ग्रैंड विटारा की कीमत 1.07 लाख रुपए कम

कंपनी ने बताया कि ग्रैंड विटारा की कीमत 1.07 लाख रुपये, जिम्नी की कीमत 51,900 रुपये, अर्टिगा की कीमत 46,400 रुपये और एक्सएल6 की कीमत 52,000 रुपये तक कम हो गई है। इसी तरह, इनविक्टो की कीमतों में 61,700 रुपये, ईको की कीमत 68,000 रुपये और सुपर कैरी एलसीवी की कीमत 52,100 रुपये तक कम हो जाएगी।

### कुछ वर्षों से बिक्री में आई गिरावट

बनर्जी ने कहा कि शुरुआती स्तर की कारों की कीमतों में कटौती से पिछले कुछ वर्षों में बिक्री में आई गिरावट के बाद अब इस खंड को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

# ठेकेदारों पर अब कसेगा शिकंजा, रॉयल्टी पर्ची देनी होगी वरना बिल से राशि काटकर खनिज विभाग को दी जाएगी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

■ नगरीय प्रशासन के संचालक ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में निर्माण से जुड़े ठेकेदारों के लिए आदेश जारी किया गया है कि ठेकेदार को सभी खदानों, रॉयल्टी शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। यदि ठेकेदार संबंधित विभाग से रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आयुक्त, सीएमओ उसके बिलों से रॉयल्टी शुल्क काटकर जमा शीर्ष में रखेंगे, जो संबंधित विभाग से रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ठेकेदार को वापस कर दिया जाएगा। यदि वह अंतिम बिल जमा करने के 30 दिनों के भीतर रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आयुक्त सीएमओ द्वारा जमा शीर्ष में रखे गए रॉयल्टी शुल्क संबंधित विभाग में जमा कर दिए जाएंगे।

## तीस दिन में जमा करना होगा रायल्टी प्रमाणपत्र



राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में जो बात कही गई है वह दरअसल एक नियम है, इस संबंध में प्रावधान हैं। आदेश के मुताबिक बोलीदाता,ठेकेदार द्वारा वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने की तिथि के बाद, राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित लघु खनिजों की रॉयल्टी दरों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर, दरों में इस वृद्धि या कमी की वास्तविक आधार पर प्रतिपूर्ति या कटौती की जाएगी। अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार, कार्य में प्रयुक्त खनिज सामग्री पर अधिसूचित दर पर रॉयल्टी की कटौती की जाती है और उसे रोक लिया जाता है। यदि ठेकेदार अंतिम भुगतानकर्ता द्वारा रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो रोकी गई राशि खनिज विभाग के खाते में जमा करके अंतिम भुगतानकर्ता को भुगतान किया जाएगा।

जिन मामलों में ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन मामलों में रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र के लिए रोकी गई राशि खनिज विभाग में नियमानुसार जमा कर अंतिम देयक का भुगतान किया जाता है जो अनुबंध के अनुरूप है।

### इससे रॉयल्टी चोरी और बढ़ेगी

इस मामले में खनिज विभाग के सूत्रों की मानें तो इस आदेश से खनिज रॉयल्टी की चोरी और बढ़ेगी। गौण खनिज नियम 71 ख के हवाले से बताया गया है कि प्रावधान ये है कि अगर ठेकेदार रॉयल्टी परची जमा नहीं करता है तो उससे बाजार मूल्य के बराबर राशि वसूल की जाए। यह राशि रॉयल्टी के मुकाबले तीन गुना अधिक होती है। इस संबंध में खनिज विभाग पहले ही परिपत्र जारी कर चुका है। अब खनिज विभाग के सूत्रों ने आशंका जताई है कि नगरीय प्रशासन के परिपत्र से अवैध खनन को बढ़ावा मिल सकता है। ठेकेदार रॉयल्टी चोरी वाले माल का उपयोग करने के बाद रॉयल्टी की परची अपना बिल पास करवा लेंगे। इससे शासन के खनिज राजस्व की कमी हो सकती है।

## करोड़ों के फर्जी टेंडर मामले में डिप्टी कमिश्नर निलंबित

रायपुर। दंतेवाड़ा में करोड़ों के फर्जी टेंडर प्रकरण में आदिवासी विकास विभाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. आनंदजी सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग ने आदेश जारी किया है। दरअसल रायपुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. आनंदजी सिंह ने दंतेवाड़ा में सहायक आयुक्त रहते करोड़ों का फर्जी टेंडर लगवाया था। कलेक्टर ने साल 2021 से लेकर 2024 तक विभाग के डीएमएफ मद से लगाए गए टेंडर की जांच करवाई, तो कई चौंकानें वाले खुलासे हुए थे। सारी गड़बड़ी डॉ आनंदजी सिंह और केएस मेसराम के कार्यकाल के दौरान हुई थी। 45 टेंडर फर्जी तरीके से लगाना पाया गया था। खुलासा होते ही दोनों पूर्व सहायक आयुक्तों और विभाग के एक बाबू के खिलाफ दंतेवाड़ा में एफआईआर दर्ज हुई थी।

**कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, रायपुर**
(खण्ड-3, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर)
E-mail-com-labour.cg@gov.in,
Phone No. 0771-2443515, Fax-0771-2443516

**शुद्धिपत्र की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट/उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था को "स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार वर्ष 2025" हेतु विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के शब्दांश वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 को वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 पढ़ा जावे। जिसके लिए शुद्धिपत्र (corrigendum) प्रकाशित किया जा रहा है।

(सविता मिश्रा)
अपर श्रमायुक्त छत्तीसगढ़
जी. 252603603/2

**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/548/मबावि / मिशन वात्सल्य / 2025 बालोद दिनांक 17/09/2025

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र क्रमांक 33/10568/मबावि/मि.वा. / सारा/ 2025-26 रायपुर 09.09.2025 के अंतर्गत प्रदत्त निर्देशों में ऐसी ग्राम पंचायतों / नगरीय निकायों में जहां विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण ना हुआ हो, उन्हें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किया जाना है।

बालोद जिले में समस्त 436 ग्राम पंचायतों एवं 09 नगरीय निकायों से नियमानुसार विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण नही होने संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुये है। अतः इन्हें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत/ नगरीय निकाय घोषित किया जाकर प्रमाण पत्र जारी करना है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या कोई बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान में हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस की समय सीमा में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विवाह विभाग संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट कक्ष क्रमांक 79 में कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 से 5.30 बजे तक लिखित में सुसंगत दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते है।

जिला कार्यकम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बालोद (छ.ग.)
जी. 252603604/3

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 175728 निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट / 2025-26, दि. 17.09.2025.

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 08.10.2025 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम:- बिलासपुर जिले के विकास खण्ड बिल्हा अंतर्गत गोन्दईया एनीकट निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत:- रु. 1190.03 लाख
विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य साइट विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब https:// eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24-09-2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https:// eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जी. 252603594/3 जल संसाधन संभाग, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

# सभी जिलों में बनेंगे मॉडल स्कूल शिक्षा होगी गुणवत्तापूर्ण- यादव

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की जानकारी 10 दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा डीएवी, इग्नाइट और पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को मंत्रालय, महानदी भवन में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों की ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी एवं प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा संजीव झा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। डीएन मिश्रा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रामानुजगंज-बलरामपुर को शासकीय कार्यो में लापरवाही करने के कारण निलंबित करने तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे को प्रशासनिक कार्यों में उदासीनता बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। श्री यादव ने भवन विहीन और भवन की आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्यात्मक जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जहां भवन बनाना आवश्यक हो, वहां प्राथमिकता से इस कार्य को करें। उन्होंने कहा कि डिस्मेंटल योग्य भवनों की स्थिति का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने लघु मरम्मत और शौचालय मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री यादव ने कहा कि नए शिक्षा सत्र शुरू होते ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और सायकल का वितरण स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों तक पहुँच जाना चाहिए।

**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA**
**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय**
**BTC COLLEGE OF AGRICULTURE & RESEARCH STATION**
**बै.ठा.छे. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र**
Sarkanda, Bilaspur (Chhattisgarh) सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) 495 001
Email-deancars.bilaspur@igky.ac.in

No./BTCCARSBSP/AGRO/2025-26/2234
Bilaspur, Date 17/09/2025

**WALK-IN-INTERVIEW**

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in- interview for Guest Scientist on contractual basis in the discipline of Agronomy (01).

Last date and time of submission of Application Form 08 October 2025 (Before 05.00 PM) to the office of Dean, BTC, College of Agriculture and Research Station, Sarkanda, Bilaspur (C.G.) registered post or by hand.

Date & Venue of Interview: 14/10/2025 and Office of the Dean, BTC, College of Agriculture and Research Station, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

Detail information regarding Qualification, Application For, Pay and other terms and conditions can be seen on College Notice Board and University Website www.igkv.ac.in

DEAN
BTC College of Agriculture and Research Station (IGKV)
S.- 45288 Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in, cside_raipur@yahoo.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 10/CSIDC/DIV-IV/2025-26/ Raipur, Dated: 17/09/2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites Online Request for proposals [RFP] for Appointment of:

**"Consultant for Planning, Development Estimation and Structural designs, and Architect for the work Construction of Various Type of Building at various Places in Chhattisgarh State."**

The REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 17/09/2025, 17:01 PM and shall be submitted online only. Amendment in RFP, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Note: 1) The interested Agencies for online submission of RFP may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 1800 419 9140 (from 9 AM to 11 PM) (there-in press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. 2) Agencies may contact to E.E., Div-IV, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the RFP.

S.- 45287 Executive Engineer Division-IV

**न्यायालय तहसीलदार खड़गवां, जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)**

क्रमांक/346/वाचक/2025

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम खड़गवा के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है आवेदक छ.ग. राज्य वक्फ बोड द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वक्फ सम्पति को भू-अभिलेखों में प्रविष्ट एवं अद्यतन करने के उद्देश्य से वक्फ सम्पति के क्षेत्राधिकार कार्यालय (नामान्तरण) अधिकारी को औकाफ की वक्फ सम्पति का रजिस्टार (एवं राजपत्र) का विवरण भू-अभिलेख में आवश्यक प्रविष्टि किया जा रहा है। वक्फ सम्पति शासकीय राजपत्र 1989 में तथा औफाक की पंजी में निम्नानुसार दर्ज होने से वर्तमान राजस्व रिकार्ड में मजिस्द ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) के स्थान पर मस्जिद छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड अस्तान्तरित दर्ज करने निवेदन किया गया है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-

| सम्पति का विवरण | शासकीय राजपत्र दिनांक 25.08.1989 व 13.04.2023 में खसरा / रकबा का विवरण | | औकाफ की पंजी में खसरा/ रकबा का विवरण | | वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज खसरा/ रकबा का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खसरा | रकबा | खसरा | रकबा | खसरा | रकबा |
| मजिस्द ग्राम खड़गवा तहसील खड़गवां जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) | 214/2 (1989 के अनुसार) 495 (बन्दोवस्त उपरांत नया ख.न. के अनुसार) | 0.020 हे. 0.030 हे. | 214/2 | 0.020 | 495 | 0.030 हे. अंजुमन मस्जिद |

अतः उक्त भूमि को वर्तमान में दर्ज नया खसरा न. 495 रकबा 0.030 है. को अंजुमन मस्जिद के स्थान मस्जिद छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड अस्तान्तरित दर्ज कराने की मांग किया गया है। अतएव इस संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या हितबद्व पक्षकार को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30.09.2025 के भीतर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात किसी प्रकार के आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
संवाद- 45290 खड़गवां, जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)

**कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)**
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh, Ph-07762-220741 E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक / चिकि.महा./ क्रय/2025-26/8611 रायगढ़ दिनांक 16/9/25

**// तृतीय ई-निविदा सूचना //**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों के लिए Hand Instruments क्रय किये जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म/निर्माता कम्पनियों से कार्यालयीन पत्र क्रमांक / चिकि. महा. / क्रय / 2025-26/6640 रायगढ़ दिनांक 22.07.2025 (E-Tender No. 173291) एवं 7849 दिनांक 25.08.2025 द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्योरमेंट साइट https:// eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसकी समयावधि में निम्नानुसार वृद्धि किया जाता है :-

| | |
|---|---|
| वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 24/09/2025 समय 11:59 ंड के पूर्व |
| दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 24/09/2025 समय 03:00 च्ड के पूर्व |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24/09/2025 समय 04:00 च्ड |

टीपः निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in एवं ई-प्रोक्योरमेंट साइट https://eproc.cgstate.gov.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
जी. 252603578/4 शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग)

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)) | बिड प्रारंभ तिथि | बिड समाप्ति तिथि | बिड खोलने की प्रारंभ तिथि | निविदा आमंत्रण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 175709 | 19/व.ले.लि./ 2025-26 दि 17.09.2025 | जिले के विकासखंड कांकेर के ग्राम अण्डी में संदूर नदी पर एनीकट निर्माण कार्य | रू. 506.68 लाख | 24/09/2025 | 06/10/2025 | 07/10/2025 | द्वितीय |
| 175710 | 20/व.ले.लि./ 2025-26 दि. 17.09.2025 | कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की कोचवाही नाला में एनीकट का निर्माण कार्य | रू. 437.33 लाख | 24/09/2025 | 08/10/2025 | 09/10/2025 | प्रथम |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। पर नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियता, जल संसाधन संभाग, कांकेर
जी. 252603597/3 कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## तूता धरना स्थल से निकले एनएचएम कर्मियों को ब्रिज के पास रोका, राज्योत्सव स्थल को बनाया अस्थाई जेल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेशभर के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी गुरुवार को जुटे। धरनास्थल से जेल भरो आंदोलन के लिए निकाली गई रैली को पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्योत्सव स्थल को अस्थायी जेल बनाया गया, जहां बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारियों ने गिरफ्तारी दी। दरअसल, प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी दस सूत्रीय मांगों को लेकर महीनेभर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।


## शब्द पहेली - 5993



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5992 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6003

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6002 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# सचिन ने किया कमाल, रहे चौथे स्थान पर, नीरज को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| टोकियो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के मैन जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर रहे। नीरज का बेस्ट थ्रो 84.03 मीटर (दूसरा अटेम्प्ट) का रहा। नीरज के अलावा इस प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए सचिन यादव ने भी भाग लिया। सचिन ने अच्छा प्रदर्शन किया और चौथे नंबर पर रहे। सचिन का बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा, जो उनका पर्सनल बेस्ट भी है। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट (88.16 मीटर) ने गोल्ड मेडल जीता।

## सचिन ने फेंका 86.27 मीटर थ्रो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत के सचिन यादव चौथे स्थान पर रहकर भी कमाल कर दिया। सचिन यादव ने फाइनल में नीरज चोपड़ा और ओलंपिक मेडलिस्ट अरशद नदीम से भी दूर भाला फेंका। हालांकि, सचिन मेडल नहीं जीत पाए, लेकिन अब उन्हें भारत का नया बाहुबली कहा जा रहा है। सचिन का फाइनल में बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा। ये उनके करियर का पर्सनल बेस्ट थ्रो भी है। सचिन ने 86.27 मीटर का थ्रो अपने पहले ही प्रयास में किया था। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा था। इसके बाद सचिन ने अपने तीसरे थ्रो में 85.71 मीटर की दूरी हासिल की। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का था। वहीं 5वें थ्रो में उन्होंने 85.96 मीटर थ्रो किया जबकि उनका आखिरी थ्रो 80.95 मीटर का रहा।



## नीरज रहे आठवें स्थान पर

नीरज चोपड़ा का पहला प्रयास 83.65 मीटर और दूसरा अटेम्प्ट 84.03 मीटर का रहा, जबकि तीसरा अटेम्पट फाउल और पांचवां अटेम्प्ट फाउल रहा। नीरज का चौथा अटेम्प्ट 82.86 मीटर का रहा। भारत के ही सचिन यादव ने पहला थ्रो 86.27 मीटर का किया, वहीं दूसरा अटेम्प्ट फाउल रहा, जबकि तीसरा प्रयास 85.71 मीटर का था। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का रहा, जबकि आखिरी दो प्रयास उनके क्रमशः 85.96 मीटर और 80.95 मीटर रहा। तीन अटेम्पट के बाद दो एथलीट्स एलिमिनेट हुए। जबकि चौथे प्रयास के बाद दो और एथलीट्स को एलिमिनेट होना पड़ा। चौथे प्रयास के बाद अरशद नदीम एलिमिनेटर हुए। वहीं पांचवें प्रयास के बाद नीरज चोपड़ा को भी एलिमिनेट होना पड़ा।

## कौन हैं सचिन यादव

सचिन यादव उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले हैं। सचिन ने इसी साल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। सचिन पहली बार तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 73वीं ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 84.21 मीटर का दूर भाला फेंका था। ये उनका पर्सनल बेस्ट था। सचिन यादव ने इस चैंपियनशिप में 30 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ा था। सचिन उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। पुलिस में काम करते हुए सचिन ने कई बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। सचिन यादव नीरज चोपड़ा की तरह 90 मीटर की दूसरी हासिल करना चाहते हैं। हालांकि, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वह 90 मीटर की दूरी तो हासिल नहीं कर पाए, लेकिन उन्हें अब नीरज की तरह ही बाहुबली कहा जाने लगा है।


## खबर संक्षेप



### यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं : वसीम

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं। सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय जबकि दूसरी तरफ मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे विदेशी खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एंड्रिया बेसेरा (कंपाउंड) और ब्रैडी एलिसन (रिकर्व) उन 48 शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं, जो 2 से 12 अक्टूबर तक यमुना खेल परिसर में होने वाली पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह पहला फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट है। छह टीम की लीग में शामिल अन्य शीर्ष विदेशी तीरंदाजों में दुनिया छठे नंबर के खिलाड़ी मैक्सिको के मटियास ग्रांडे (रिकर्व) और महिला नंबर एक खिलाड़ी नीदरलैंड की माइक श्लोसेर (कंपाउंड) शामिल हैं। भारतीय तीरंदाजों का चयन विश्व रैंकिंग के साथ-साथ भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के हालिया चयन ट्रायल के आधार पर किया गया।

## चाइना मास्टर्स : सिर्फ 41 मिनट में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराया

# सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया।

हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा। एन से ने डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को 23-21, 21-14 से हराया।



### थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही थीं सतर्क

हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' सिंधु ने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेजी से आगे बढ़ें।'

### पहले गेम से ही रहा भारतीय जोड़ी का दबदबा

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरुआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी उम्मीद के मुताबिक रहा और भारतीय जोड़ी शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रही। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

# श्रीलंका एशिया कप के सुपर-4 में पहुंचा, अफगानिस्तान बाहर



**अबू धाबी।** श्रीलंका ने एशिया कप 2025 के सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को श्रीलंकाई टीम ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। श्रीलंका की इस जीत के साथ बांग्लादेश भी अगले दौर में पहुंच गई। जबकि अफगानिस्तान बाहर हो गई।

अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में श्रीलंका ने 170 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। कुसल मेंडिस ने 52 बॉल पर नाबाद 74 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान का कोई भी गेंदबाज एक से ज्यादा विकेट नहीं ले सका। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 169 रन बनाए।

मोहम्मद नबी ने 22 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। उन्होंने दुनिथ वेल्लालागे के ओवर में 5 छक्के लगाए। कप्तान राशिद खान और इब्राहिम जादरान ने 24-24 रन जोड़े। टीम ने 114 रन पर 6 विकेट गंवा दिए हैं। श्रीलंका से नुवान थुषारा ने 4 विकेट झटके।

### नबी ने विल्लालागे के ओवर में 5 छक्के लगाए

अफगानी पारी के आखिरी ओवर में मोहम्मद नबी ने दुनिथ विल्लालागे की बॉल पर 5 छक्के लगाए। इनमें शुरुआती 3 बॉल पर लगातार 3 छक्के शामिल रहे। एक नो बॉल के बाद दो छक्के और लगे। मोहम्मद नबी ने 22 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। इस पारी में 3 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप...



**टोकियो।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 400 मीटर दौड़ के फाइनल में जीत के बाद खुशी जाहिर करते हुए बोत्सवाना बुसांग (बीच में)।

## पीएसजी की शानदार शुरुआत अटलांटा को 4-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, 'ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे।' लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की। बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।

### दुबई स्टेडियमः रिंग ऑफ फायर बड़ी चुनौती

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई। उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है।

# भारत के पास सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देने का सुनहरा अवसर

एजेंसी ▶▶| दुबई

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है।



एशिया कप : भारत और ओमान के बीच मुकाबला आज रात 8 बजे से

### गिल को क्रीज पर समय बिताने की जरूरत

भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरुप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय बार निविदा सूचना**

नि.क्रं.18/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025-26 बिलासपुर विनांक 18/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 03/10/2025 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | जोन कार्यालय 05 में स्टेशनरी क्रय करने बाबत्। | 2.00 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर-5
न.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय नगर पंचायत शिवनंदनपुर जिला-सूरजपुर**

क्रमांक/507/न.पं./2025 शिवनंदनपुर दिनांक 18/09/2025

**शुद्धि पत्र**

क्रमांक / 497/न.पं./2025 शिवनंदनपुर दिनांक 12/09/2025 में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मैनुअल पद्धति तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना समाचार पत्र प्रकाशन में जोनल कार्य प्राक्कलन राशि 20.00 लाख के स्थान पर प्राक्कलन राशि 10.00 लाख पढ़ा जायें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत शिवनंदनपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-124-25-26, दिनांकः 15/09/2025

कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 08 यूनिट टाईप-।। क्वार्टरों का निर्माण । **निविदा मूल्य (रू.): 1,82,29,349/-, अमानत राशि (रू.) : 2,41,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18** माह ।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-125-25-26, दिनांकः 15/09/2025

कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रजराजनगर एवं किरोड़ीमल नगर में वैगनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाचे का उन्नयन कार्य । **निविदा मूल्य (रू.): 92,09,844/-, अमानत राशि (रू.): 1,84,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह ।

क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-127-25-26, दिनांकः 15/09/2025

कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रिजों में टीबीएसआर (एच-बीम) स्लीपरों के साथ मौजूदा चैनल स्लीपरों का नवीनीकरण कार्य । **निविदा मूल्य (रू.): 7,93,36,901/-, अमानत राशि (रू.): 5,46,700/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह । **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक **29.09.2025** से । **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** दिनांक **13.10.2025** के 11:00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*
*सीपीआर/10/321 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**चतुर्थ शुद्धि पत्र**

निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./25-26/03
दिनांकः 03.06.2025 (ओपन-टेंडर) (टू पैकेज सिस्टम)

**कार्यः** "अभनपुर-राजिम के बीच लेवेल क्रॉसिंग संख्या एआर-12 पर किमी 15/1-15/2 पर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) उचित (रेल ट्रैक के ऊपर) सह सड़क निचले पुल (आरयूबी) का निर्माण" ।

बोली-पूर्व पूछताछ और विभागीय अनुमान के आंतरिक मूल्यांकन के बाद, विज्ञापित निविदा मूल्य में संशोधन किया गया है । तदनुसार, एनआईटी में आवश्यक संशोधन किए गए हैं, और इन परिवर्तनों को आरएफपी और ईपीसी दोनों दस्तावेजों में विधिवत रूप से शामिल कर लिया गया हैः-

**क्रमांकः** 1. विवरणः विज्ञापित निविदा मूल्य, वर्तमान निविदा दस्तावेज/एनआईटी के अनुसारः **रू. 371700000.00**, इस तरह पढ़ा जाये- **रू. 546343300.00**, 2. अमानत राशि (EMD): **रू. 1858500.00**, इस तरह पढ़ा जाये- **रू. 2731700.00**, 3. प्राधिकरण द्वारा प्रश्नों का उत्तर इस तिथि तक दिया जाएगाः **18.08.2025**, इस तरह पढ़ा जाये- **09.09.2025**, 4. बोली (बिड) दस्तावेज के लिए अनुरोध की अंतिम तिथिः **06.10.2025** को **15:00** बजे तक, इस तरह पढ़ा जाये- **13.10.2025** को **15:00** बजे तक, 5. बोली (बिड) की अंतिम तिथिः **06.10.2025** को **15:00** बजे तक, इस तरह पढ़ा जाये- **13.10.2025** को **15:00** बजे तक, 6. खंड संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण की तिथिः **13.10.2025** को **18:00** बजे तक, इस तरह पढ़ा जाये- **22.10.2025** को **18:00** बजे तक, 7. स्थल 2.11.4 (i) पर तकनीकी बिड खोलने की तिथिः **14.10.2025** को **15:30** बजे, इस तरह पढ़ा जाये- **23.10.2025** को **15:30** बजे ।

**नोटः** एनआईटी संख्या **CAO-CBSP-25-26-03** दिनांक **03.06.2025** के अंतर्गत अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज में संशोधन किया गया है । अब संशोधित **RFP** दस्तावेज और संशोधित मसौदा अनुबंध अपलोड किया जा रहा है । सभी संभावित एजेंसियो से अनुरोध है कि वे संशोधित दस्तावेज का अवलोकन करें और तदनुसार अपनी बोली लगाएँ ।

*उप मुख्य अभियंता/निर्माण*
*सीपीआर/10/318 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

# पति-पत्नी ने मिलकर की खेती, 3 छोटे हाथी के वजन बराबर उगा दिया कद्दू

**लंदन।** आज की दुनिया में जहां लोग अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को दिखाते हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो खामोशी से कुछ ऐसा कर जाते हैं जो न सिर्फ चौंकाता है, बल्कि प्रेरणा भी देता है। ब्रिटेन के एक दंपती की कहानी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने अपने जुनून और कड़ी मेहनत से एक ऐसा कद्दू उगाया है, जिसका वजन तीन छोटे हाथियों के बराबर है। ब्रिटेन के एश्टेड शहर में रहने वाले इस कपल का नाम जस्टिन ग्रिफिथ्स और के वॉकर है। इन दोनों ने अपने बगीचे में एक ऐसा कद्दू उगाया, जिसका वजन लगभग 390 किलो है। यह वजन तीन छोटे हाथियों (एक छोटा हाथी लगभग 120 किलो का होता है) के बराबर है। अब यह सब्जी उनके बगीचे का मुख्य आकर्षण बन गया है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स 1246.9 किलो कद्दू का

यह कद्दू 'अटलांटिक जायंट' किस्म का है, जो अपनी भारी भरकम साइज के लिए जाना जाता है। जस्टिन और के ने बताया कि यह बड़े आकार का होता है, यह पता था, लेकिन हमे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना बड़ा हो जाएगा। इस महीने के अंत में यह कपल इस कद्दू को यूके नेशनल जायंट वेजिटेबल्स चैंपियनशिप में ले जाने की योजना बना रहा है। जस्टिन ने बीबीसी को बताया कि इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए उन्हें एक इंजन क्रेन या कई लोगों की मदद लेनी पड़ेगी। इस कपल ने अपने बगीचे में टमाटर और लीक्स भी उगाए हैं, लेकिन इस विशाल कद्दू ने अब पूरी जगह घेर ली है। उनका दूसरा कद्दू भी काफी बड़ा है, जिसका वजन लगभग 250 किलोग्राम है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, सबसे भारी कद्दू का रिकॉर्ड 2023 में कैलिफ़ोर्निया में बनाया गया था, जिसका वजन 1,246.9 किलोग्राम था।



### ब्रिटिश रिकॉर्ड छोटी कार के बराबर वजन का

बता दें कि पिछले साल दो जुड़वां भाइयों इयान और स्टुअर्ट पैटन ने एक टन से अधिक वजन वाला कद्दू उगाकर ब्रिटिश रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इस कद्दू को उठाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ा था। दोनों भाइयों ने तीन महीने तक हर दिन तीन-तीन घंटे इस कद्दू की देखभाल की थी, ताकि उसे गिनीज बुक्स में दर्ज करा सकें। हालांकि, वे विश्व रिकॉर्ड से थोड़े पीछे रह गए, लेकिन उन्होंने ब्रिटिश रिकॉर्ड बनाकर एक छोटी कार के बराबर वजन का कद्दू उगाया. इयान ने बताया, 'इसमें बहुत मेहनत लगा। हमने अप्रैल में बीज बोए और जून में फल लगा। फिर यह बहुत तेजी से बढ़ा और 113 दिन में तैयार हुआ। हम इसे एक बड़ी वॉल्वो में बहुत सावधानी से रिकॉर्ड स्थल तक लाए, जिसकी गति लगभग 50 मील प्रति घंटा थी। दूसरे ड्राइवर भी हमें देखकर हैरान थे। कुछ लोग तो हमें दोबारा देखने के लिए अपनी गाड़ियों की स्पीड कम कर लेते थे।



# हाईकोर्ट ने फटकारा- प्रक्रिया से मतलब नहीं मरीजों का इलाज और जांच पहली प्राथमिकता

बिलासपुर। संभाग के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज सिम्स में उपकरणों की खरीदी के लिए राज्य शासन ने 15 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके बाद भी वहां अब तक नई मशीनें नहीं लग पाई हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को लेकर जनहित याचिका पर राज्य शासन से पूछा कि राशि स्वीकृत होने के बाद भी उपकरणों की खरीदी क्यों नहीं की जा रही है। कोर्ट ने मामले में शासन से शपथपत्र के साथ जवाब मांगते हुए 14 अक्टूबर को अगली सुनवाई तय की है। कोर्ट ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा है कि जनता को राहत दिया जाना सबसे पहली प्राथमिकता है। उपकरण खरीदी की प्रक्रिया क्या है और कैसे की जा रही है, इससे मतलब नहीं है। स्वास्थ्य विभाग, सिम्स और सीजीएमएसई के अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि मरीजों का उपचार और जांच समय पर सही तरीके से हो।

दरअसल, सिम्स में मरीजों की जांच पुराने उपकरणों से हो रही है। पिछली सुनवाई के दौरान सिम्स प्रबंधन ने चिकित्सा सेवाओं को आधुनिक बनाने और जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए शासन को 15 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग



प्रस्ताव भेजने की जानकारी दी थी। साथ ही बताया था कि शासन से मंजूरी मिल गई है। लेकिन, चार माह बाद भी सिम्स में उपकरणों की खरीदी नहीं की गई है। जिसके कारण मजबूरी में डाक्टरों को पुरानी मशीनों से ही काम चलाना पड़ रहा है। गुरुवार को हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की। साथ ही राज्य शासन को शपथपत्र के साथ जवाब देने कहा है। जिसमें यह बताना होगा कि अब तक उपकरणों की खरीदी क्यों नहीं की गई है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, सिम्स और सीजीएमएसई के अधिकारियों की ओर से कहा गया कि खरीदी की प्रक्रिया की जा रहा है। हाईकोर्ट ने इससे नाराज हुआ और कहा कि प्रक्रिया से मतलब नहीं मरीजों को राहत मिलनी चाहिए।

### पुरानी मशीनों से जांच, इलाज पर असर पड़ेगा

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि सिम्स इस क्षेत्र का एकमात्र शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल है। जहां दूर-दराज से मरीज इलाज के लिए आते हैं। जब सरकार ने बजट दे दिया है, तो मशीनें लगाने में देरी क्यों हो रही है। डिवीजन बेंच ने यह भी कहा कि पुरानी मशीनों से जांच परिणाम प्रभावित हो सकते हैं, जिससे आम मरीजों के इलाज पर असर पड़ेगा। कोर्ट ने शासन से पूछा कि चिकित्सा व्यवस्था में सुधार कब होगा और आमजन को राहत देने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। ध्यान रहे कि जरूरत को देखते हुए सिम्स ने एसईसीएल के सीएसआर मद और अन्य स्त्रोतों से 66 लाख रुपए की लागत से सोनोग्राफी, डायलिसिस सहित कुछ मशीनें खरीदी हैं। हालांकि, यह संख्या अस्पताल की आवश्यकताओं की तुलना में बहुत कम है।

# नशे में धुत किशोरों ने रेस्टोरेंट में सूप में किया पेशाब

**बीजिंग।** चीन से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक अदालत ने पेरेंट्स पर ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। दरअसल, दंपती के नशे में धुत दो किशोरों ने रेस्टोरेंट में जाकर सूप में पेशाब कर दिया था। इस बाबत कोर्ट ने पेरेंट्स को शंघाई स्थित रेस्टोरेंट हैडिलाओ हॉटपॉट को ढाई करोड़ मुआवजा देने का आदेश दिया है। इस दंपती के दोनों बच्चों की उम्र 17 साल है। यह घटना बीती 24 फरवरी 2025 की है। नशे में धुत दोनों किशोरो ने रेस्टोरेंट के किचन में मेज पर चढ़ कर मांस और सब्जियां पकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सूप में जानबूझकर पेशाब कर उसे दूषित कर दिया था।

### कोर्ट ने लगाया करोड़ों का जुर्माना



### 4 हजार से ज्यादा ग्राहकों को मिलेगा मुआवजा

कोर्ट ने बिना किसी सबूत के 8 मार्च के बीच इस रेस्टोरेंट में आने वाले 4 हजार से ज्यादा ग्राहकों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। इसमें ग्राहकों को पूरे रिफंड के साथ-साथ उनके बिल का 10 गुना मुआवजा मिलेगा।




# करंट हादसे में मौत, हाईकोर्ट ने मुआवजा राशि बढ़ाकर सात लाख 68 हजार की

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने करंट हादसे में मृतक के परिवार को मुआवजे की राशि बढ़ाकर 7,68,990 रुपए कर दी और बिजली कंपनी की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने साफ कहा है कि बिजली सप्लाई से जुड़े कार्य स्वभाव से खतरनाक हैं, इसलिए दुर्घटना में विभाग की जिम्मेदारी तय होगी, चाहे सीधे तौर पर लापरवाही साबित न भी हो। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने यह आदेश जांजगीर-चांपा के मालखरौदा एक ग्रामीण की करंट से हुई मौत के मामले में दिया। पत्नी और बेटियों ने बिजली विभाग को दोषी मानकर 28.90 लाख का दावा किया था। ट्रायल कोर्ट ने 4 लाख मुआवजा तय किया था, जिसे हाईकोर्ट ने बढ़ाकर 7.68 लाख किया और तीन माह में भुगतान का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के शैल कुमारी निर्णय का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने मामले में 'स्ट्रिक्ट लाइबिलिटी' लागू करने की बात कही है।

जांजगीर-चांपा जिले के पिकरीपार निवासी चित्रभान गांव में कृषि कार्य करते थे और साथ ही दैनिक मजदूरी से परिवार चलाते थे। उनकी उम्र लगभग 40 वर्ष थी। पत्नी शांति बाई, तीन बेटियां और वृद्ध माता-पिता परिवार में आश्रित थे। 6 मई 2021 को चित्रभान की बिजली करंट से मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी शांति बाई और तीन बेटियों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 28.90 लाख रुपए का दावा किया। इसमें कहा गया कि देर शाम करीब 6 बजे चित्रभान अपने घर के बाहर दिनभर के काम के बाद लौट रहे थे। घर के सामने से गुजर रही 11 केवी लाइन से जुड़ी लो-टेंशन सर्विस वायर (जो घरों को बिजली सप्लाई देती है) कई दिनों से झूल रही थी। आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को कई बार इसकी जानकारी दी थी, लेकिन समय पर मरम्मत नहीं हुई। बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने तार की जांच या बदलने का काम नहीं किया।

# 16 साल हुई थी 4400 क्विंटल चीनी और उड़द दाल की जब्ती, हाईकोर्ट ने इसे गलत माना

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चीनी और उड़द दाल की बड़ी खेप की जब्ती को अवैध करार देते हुए जिला मजिस्ट्रेट व सत्र न्यायालय का आदेश रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 (बी) के तहत नोटिस जारी किए बिना जब्ती की कार्रवाई करना कानूनन गलत है।

याचिका के मुताबिक 24 अगस्त 2009 को बिलासपुर में सुनील कुमार डायलानी की फर्म पर छापा मारा गया। रजिस्टर में 1118 क्विंटल चीनी दर्ज थी, जबकि मौके पर 2086.50 किंवटल मिली। जिला मजिस्ट्रेट ने 1986.50 क्विंटल चीनी जब्त कर राज्य सरकार के पक्ष में कर दी। इसके अलावा 20 जनवरी 2010 को राजकुमार सिदारा के श्रीचंद दाल मिल में जांच हुई। रजिस्टर में 2370.52 किंवटल उड़द दाल दर्ज थी, लेकिन मौके पर 4590 क्विंटल मिली। इस पर 698.89 क्विंटल उड़द दाल जब्त की गई। दोनों व्यापारियों ने पहले अपील किया लेकिन 6 जुलाई 2012 को पांचवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बिलासपुर ने जिला मजिस्ट्रेट का आदेश बरकरार रखा। इसके बाद हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने फैसले में दोनों आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं को मंजूर करते हुए चीनी और उड़द दाल की जब्ती रद्द कर दी है। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा है कि जब्ती की कार्रवाई करते समय अधिकारियों को कानूनी प्रक्रिया का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि जांच की कार्रवाई खाद्य विभाग के अधिकारियों ने की थी। दोनों मामलों में जिला मजिस्ट्रेट बिलासपुर ने आदेश जारी कर चीनी और उड़द दाल को जब्त कर राजसात कर दिया था।

# पीएससी मामले में पूर्व सचिव सहित पांच को पूछताछ के लिए सीबीआई ने हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पीएससी परीक्षा घोटाला मामले में सीबीआई ने गुरुवार को पूर्व परीक्षा नियंत्रक, तत्कालीन पीएससी सचिव उसके बेटे सहित पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे परीक्षा से जुड़े मामले में पूछताछ की जाएगी। पूछताछ करने के बाद छोड़ा जाएगा या शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर सीबीआई रिमांड पर लेगी यह अब तक स्पष्ट नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, पीएससी के तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव तथा उनका बेटा सुमित ध्रुव को सीबीआई ने देर शाम हिरासत में लिया है।

सुमित ध्रुव पीएससी परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित छात्र है। वर्ष 2020 से 2022 के बीच आयोजित पीएससी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर अपने परिजनों के साथ करीबियों को मोटी रकम लेकर पेपर लिक कर साक्षात्कार में ज्यादा नंबर देकर परीक्षा पास कराने का आरोप है।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

अंतरिक्ष में भारत का सम्मान

# 48 करोड़ किमी दूर एस्टेरॉयड को मिला नर्मदा का नाम



**वॉशिंगटन।** नासा के लूसी मिशन को बड़ी मान्यता मिली है। अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने एक छोटे क्षुद्रग्रह जिसका नाम डोनाल्डजोहानसन है, पर मौजूद जगहों को आधिकारिक नाम दिया है। इस क्षुद्रग्रह पर एक जगह का नाम भारत की नर्मदी नदी के नाम पर रखा गया है। यह भारत की नर्मदा घाटी के सम्मान में रखा गया है, जहां होमो इरेक्टस नर्मडेन्सिस नामक प्राचीन मानव के जीवाश्म मिले थे। लूसी अंतरिक्ष यान ने 20 अप्रैल, 2025 को मंगल और बृहस्पति के बीच इस क्षुद्रग्रह का दौरा किया था। यह दौरा बृहस्पति के क्षुद्रग्रहों के लिए लूसी के मुख्य मिशन का एक अहम अभ्यास था।

### क्या और भी नाम दिए गए थे?

यह क्षुद्रग्रह और लूसी अंतरिक्ष यान दोनों ही हमारी उत्पत्ति को समझने की खोज का प्रतीक है। इसलिए, अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने इस क्षुद्रग्रह पर मौजूद कई जगहों को जीवाश्म स्थलों के नाम दिए हैं। अफार लोबस, स क्षुद्रग्रह के छोटे हिस्से को इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नाम पर रखा गया था। इसके आलावा ओल्डुवाई लोबस के बड़े हिस्से को तंजानिया के ओल्डुवाई गॉर्ज के नाम पर रखा गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com